# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री मोदी ने एआई समिट में विश्व नेताओं के साथ की द्विपक्षीय बैठकें, ग्लोबल साउथ के सशक्तिकरण पर दिया जोर।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दिल्ली में ग्लोबल एआई समिट में वैश्विक टेक कंपनियों से करेंगे चर्चा।
- खजुराहो में 52वें अंतर्राष्ट्रीय नृत्य समारोह का आज होगा शुभारंभ देश–विदेश के कलाकार देंगे प्रस्तुति।
- ग्वालियर–चंबल और सागर संभाग में बारिश का येलो अलर्ट ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के सर्वे के निर्देश जारी।

**प्रधानमंत्री–द्विपक्षीय बैठक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें की। प्रधानमंत्री ने समिट में वैश्विक जनहित के लिए एआई के प्रति सामूहिक संकल्प विकसित करने का आह्वान किया। श्री मोदी कहा कि इसे विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

प्रधानमंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, अबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गी पॉहमेलॉ और ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस से मुलाकात की। श्री मैक्रों ने भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना करते हुए इसे विश्व में अद्वितीय बताया।

**इमैनुएल मैक्रों**

प्रधानमंत्री मोदी और अबू धाबी के युवराज ने विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने पारंपरिक और नए सहयोग क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के नई पहलों का स्वागत किया।

**एआई इम्पैक्ट समिट – पांचवा दिन**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन जारी है। शिखर सम्मेलन के पांचवें दिन आज नेताओं द्वारा वैश्विक एआई शासन और सहयोग के लिए सामूहिक प्रतिबद्धताओं की पुष्टि

और एक साझा रोडमैप की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके अलावा उच्च स्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक साझेदारी–जीपीएआई परिषद की बैठकें होंगी। साथ ही सदस्य देश जिम्मेदार और समावेशी एआई पर बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रगति की समीक्षा भी करेंगे।

**इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट–मुख्यमंत्री**

प्रदेश को डिजिटल गवर्नेंस में अग्रणी बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट–2026 में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री यहाँ वैश्विक तकनीकी कंपनियों के साथ वन–टू–वन चर्चा करेंगे, जिसमें सेमीकंडक्टर, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा जैसे भविष्य के क्षेत्रों में निवेश पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस समिट में मध्य प्रदेश का अपना विशेष पैवेलियन भी आकर्षण का केंद्र है, जहाँ राज्य के 14 एआई स्टार्टअप्स और शासन व्यवस्था में एआई के सफल प्रयोगों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

**आबकारी नीति**

प्रदेश कैबिनेट ने आगामी वर्ष 2026–27 के लिए नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में कोई भी नई शराब की दुकान नहीं खोली जाएगी और शराब दुकानों के अहाते भी पूर्ववत बंद रहेंगे। साथ ही, माँ नर्मदा तट से 5 किलोमीटर की दूरी और पवित्र नगरों में मदिरा बिक्री पर लगा प्रतिबंध यथावत रहेगा। नीति में बड़े बदलाव के तहत अब दुकानों के नवीनीकरण का विकल्प समाप्त कर दिया गया है। प्रदेश की सभी 3553 दुकानों का आवंटन अब ई–टेंडर और ई–ऑक्शन के माध्यम से होगा। जनजातीय स्व–सहायता समूहों द्वारा निर्मित श्महुआ मदिराश को अन्य राज्यों में ड्यूटी मुक्त कराने के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं।

**बजट सत्र**

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कल असंसदीय शब्दों के उपयोग को लेकर हुए हंगामे पर भाजपा विधायक कृष्णा गौर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सदन में कोई गतिरोध नहीं है। उन्होंने बताया कि विपक्ष के नेता उमंग सिंघार और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संसदीय परंपराओं का पालन करते हुए, कल हुई गरमा–गरम बहस पर एक–दूसरे से खेद प्रकट किया है।

**विधायक, कृष्णा गौर**

**खजुराहो नृत्य समारोह**

खजुराहो में 52वें अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह का शुभारंभ आज होने जा रहा है। 26 फरवरी तक चलने वाला महोत्सव इस बार नटराज की विशेष थीम पर आधारित है, जो नृत्य और सृजन के प्रतीक के रूप में भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करेगा। समारोह के पहले दिन आज पद्मश्री ममता शंकर का कथक नृत्य मंदिर परिसर के मंच पर सजेगा। इस वर्ष पहली बार समारोह में सांस्कृतिक रैली और राष्ट्रीय बाल

नृत्य महोत्सव जैसे नए आकर्षण भी जोड़े गए हैं। कला और अध्यात्म के इस अनूठे संगम में शामिल होने के लिए देश–विदेश से बड़ी संख्या में कला प्रेमी खजुराहो पहुँच रहे हैं।

## "विज्ञान जागृति उत्सव"

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल में आज से दो दिवसीय "विज्ञान जागृति उत्सव" का शुभारंभ हो रहा है। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से आयोजित इस उत्सव का उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक चिंतन को बढ़ावा देना है।

## मौसम

प्रदेश मौसम के दो अलग–अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। जहाँ खंडवा में तापमान 34 डिग्री के पार पहुँच गया है, वहीं खजुराहो 9 डिग्री के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। बे मौसम बारिस ने जन जीवन प्रभावित किया है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों में बारिश, बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

## आई.सी.सी. टी–20 विश्व कप

आई.सी.सी. टी–ट्वेंटी विश्व कप में, अफगानिस्तान ने कल रात ग्रुप–डी के एक मैच में कनाडा को 82 रन से हरा दिया। यह मैच चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित अफगानिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में 200 रन बनाए। जवाब में, कनाडा 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 118 रन ही बना सका। आज, ग्रुप–बी के आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामना ओमान से श्रीलंका के पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- गुना के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 116 आवेदक उपस्थित हुए जिनमें से 59 का अंतिम रूप से चयन किया गया।
- खंडवा में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए जिले के आकांक्षी ब्लॉक छैगांवमाखन में आज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- झाबुआ में आपदा तैयारी मजबूत करने के लिए आज राजवाड़ा चौक पर अग्नि और विस्फोट दुर्घटना से बचाव की मॉक ड्रिल होगी।
- कटनी में गुरूवार को जिले के विकासखंड मुख्यालयों में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें 193 कन्याओं का विवाह किया गया।
- खरगोन में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतिम प्रकाशन को लेकर कल स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी।
- बैतूल कलेक्टर ने गुरुवार को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

————————